RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 206 | नागौर, 28 जून, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## प्रदेश में जल्द होगी मानसून की एंट्री

### 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, शेखावाटी में रहेगा जोर



सीकर

राजस्थान में बुधवार तक मानसून की धमाकेदार एंट्री होने वाली है। इसके चलते 15 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बारिश का जोर पूर्वी राजस्थान के इलाकों पर रहेगा, जबकि पश्चिमी राजस्थान में हल्की बारिश होगी। उधर, आंधी-अंधड़ के बीच हवा की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग की माने तो 24 घंटे के भीतर बारिश रफ्तार पकड़ेगी और यह सिलसिला एक सप्ताह तक चल सकता है।

**12 डिग्री तक गिरेगा तापमान**–मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक आर.एस. शर्मा ने बताया कि राजस्थान में अब गर्मी का असर कम हो गया है और कोटा, उदयपुर व जयपुर संभाग में बारिश शुरू हो गई है। अगले 48 घंटे के भीतर मानसून झालावाड़ के रास्ते प्रवेश करेगा और उसके बाद तो तापमान में तेजी से गिरावट दिखाई देगी। मानसून के साथ ही पूर्वी राजस्थान में लगातार तेज बारिश होगी। एक जुलाई से मानसून सक्रिय रहेगा और वर्तमान तापमान में 10 से 12 डिग्री तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

**शेखावाटी पर रहेगा जोर**–शेखावाटी के सीकर में सोमवार को हल्की बारिश ने मौसम में तरावट ला दी। उधर, बताया जा रहा है कि 30 जून और एक जुलाई को झुंझुनूं और सीकर में भारी बारिश की संभावना है। जबकि चूरू में हल्की बारिश होगी। ऐसे में शेखावाटी की जनता को भी गर्मी से राहत मिलेगी और किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई देगी।

**29 जून को** अजमेर, अलवर, बारां, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, दौसा, कोटा, टोंक, जयपुर जिला, भरतपुर, धोलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के इलाकों में किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

**30 जून को** अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बूंदी, टोंक, भरतपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, धोलपुर, दौसा, डूंगरपुर, जयपुर, कोटा, झुंझुनूं, करौली, प्रतापगढ़, सीकर में भारी बारिश होगी और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उधर, पश्चिमी राजस्थान में चूरू, पाली, जोधपुर, नागौर जिले में हल्की बारिश के साथ 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

**01 जुलाई को** अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, धोलपुर, दौसा, टोंक, जयपुर, झुंझनूं, करौली, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, प्रतापगढ़ जिले में भारी से अति भारी बारिश होगी। साथ ही 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। उधर, पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर, चूरू, जालौर, पाली व नागौर जिले में हल्की बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

## पूरे देश में अग्निपथ योजना के खिलाफ सत्याग्रह कर फिर सड़क पर उतरी कांग्रेस

### राजस्थान के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रदर्शन



जयपुर।

राजस्थान में कांग्रेस ने केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ राजधानी जयपुर सहित सभी जिलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आज सत्याग्रह किया और इस दौरान धरना-प्रदर्शन कर इस योजना को वापस लेने की मांग की गई।

इस योजना के खिलाफ राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर सुबह दस बजे पार्टी के लोगों का सत्याग्रह शुरू हुआ और दोपहर एक बजे तक धरने-प्रदर्शन करके केन्द्र सरकार से यह योजना वापस लेने की मांग की गई। राज्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अपने गृह जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में आयोजित पार्टी के सत्याग्रह में शामिल हुए और इस योजना को वापस लेने की मांग की।

जयपुर में सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र सहित विभिन्रि विधानसभा क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन करके इस योजना के प्रति विरोध जताया गया। सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास इस दौरान मंच पर नहीं बैठकर जनता की बीच बैठे रहे और सादगी का संदेश देते हुए लोगों का ध्यान अपनी और खींचा। जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया।

जोधपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र एवं राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कांग्रेस के सत्याग्रह में भाग लिया और उन्होंने इस योजना को नौजवानों के विरुद्ध बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

वहीं, भीलवाड़ा जिले के मांडल में राजस्व मंत्री रामलाल जाट के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया, जबकि भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी के नेतृत्व में कांग्रेस के लोगों ने इस योजना के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। भरतपुर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन हुआ और इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके इस योजना के खिलाफ विरोध जताया और इसे वापस लेने की मांग की।

कोटा में स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रव्द्रिर त्यागी, खादी बोर्ड उपाध्यक्ष पंकज मेहता सहित कई कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इस योजना का विरोध किया।

इसी प्रकार दौसा, डूंगरपुर, पाली, नागौर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, राजसमंद सहित सभी जिलों में अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के मंत्री, विधायक एवं नेता तथा कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह किया और इस योजना को वापस लेने की मांग की।

## जीएसटी परिषद की बैठक आज से



नई दिल्ली.

जीएसटी परिषद की चंडीगढ़ में मंगलवार से शुरू होने वाली बैठक में कुछ वस्तुओं की कर दरों में बदलाव किया जा सकता है. इसके अलावा राज्यों को क्षतिपूर्ति की व्यवस्था और छोटे ई-कॉमर्स आपूर्तिकर्ताओं के पंजीकरण नियमों में राहत जैसे मुद्दों पर भी बैठक के दौरान चर्चा होगी. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की जीएसटी परिषद की 47वीं बैठक 28-29 जून को होने वाली है. परिषद की बैठक छह महीने बाद हो रही है. बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने के अलावा विपक्ष शासित राज्य क्षतिपूर्ति के भुगतान पर चर्चा कर सकते हैं.


## राहुल का मोदी पर हमला : अपने 'मित्रों' को बना रहे दौलतवीर और युवाओं को 4 साल के ठेके पर अग्निवीर



नई दिल्ली।

सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ लाई गई है, जिसे लेकर देशभर में प्रदर्शन हुए। कांग्रेस पार्टी भी मोदी सरकार की अस नई योजना के खिलाफ हमलावर है। उत्तर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह कर रही है।

अग्निपथ योजना को लागू करने के तुगलकी फैसले को वापस लेने की मांग कर रही है। कांग्रेस ने 20 जून को इस मुद्दे पर नई दिल्ली के जंतर-मंतर और विभिन्न राज्यों में शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया था। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने मित्रों को दौलतवीर बना रहे हैं और 4 साल के ठेके पर युवाओं को अग्निवीर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने 'मित्रों' को 50 साल के लिए देश के एयरपोर्ट देकर दौलतवीर और युवाओं को सिर्फ़ 4 साल के ठेके पर अग्निवीर बना रहे हैं। मेघालय के राज्यपाल सत्य पाल मलिक ने नई सेना भर्ती परियोजना अग्निपथ को लेकर विरोध जताते हुए कहा था कि अग्निपथ योजना कभी भी देश की युवा पीढ़ी के हित में नहीं है। बल्कि इस परियोजना से गांव और सरकार के बीच की दूरी और बढ़ेगी।




## राष्ट्रपति पद के लिए यशवंत सिन्हा का नामांकन

### विपक्ष ने दिखाई एकजुटता, राहुल गांधी, शरद पवार और अखिलेश यादव रहे मौजूद



**नई दिल्ली।**

विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन दाखिल किया। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ ही, राहुल गांधी ने भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। नामांकन कार्यक्रम के दौरान विपक्ष ने एकजुटता दिखाते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। 24 जून को एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नामांकन के समय सत्ता पक्ष के दिग्गजों का जमावड़ा लगा था। नामांकन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिका अर्जुन खड़गे, एनसीपी के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी और नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला समेत कई विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी ने कहा है असली लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। सभी विपक्षी दल साथ-साथ हैं। उधर, 17 विपक्षी दलों के साथ ही यशवंत सिन्हा को तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने भी समर्थन देने की बात कह दी है। सिन्हा का मानना है कि उन्हें अभी और अदृश्य ताकतों का समर्थन मिलेगा।

## बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से 14 दिन की मोहलत

### अगली सुनवाई 11 जुलाई को, विधायकों और फैमिली को सुरक्षा देने के निर्देश

नई दिल्ली.

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एकनाथ शिंदे की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने और डिप्टी स्पीकर नरहरि जरवाल की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। अदालत ने शिंदे गुट, महाराष्ट्र सरकार और शिवसेना की दलीलें सुनीं। इसके बाद कोर्ट ने विधायकों को अयोग्य ठहराने वाले डिप्टी स्पीकर के नोटिस पर जवाब देने के लिए 11 जुलाई तक का वक्त तय किया। अगली सुनवाई भी इसी दिन होगी। यह शिंदे गुट के लिए राहतभरा रहा। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र भवन, डिप्टी स्पीकर, महाराष्ट्र पुलिस, शिवसेना विधायक दल के नेता अजय चौधरी और केंद्र को भी नोटिस भेजा है। कोर्ट ने सभी विधायकों को सुरक्षा मुहैया कराने और यथा स्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया है। डिप्टी स्पीकर को अपना जवाब 5 दिन के भीतर पेश करना है। कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट को लेकर कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया है।

#### महाराष्ट्र सरकार और शिवसेना- बागियों का नोटिस सही नहीं था, खारिज कर दिया

अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- बागी विधायक पहले हाईकोर्ट न जाकर सुप्रीम कोर्ट क्यों आए। शिंदे गुट बताए कि उन्हें इस प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं किया। किसी भी केस में ऐसा नहीं होता है, जब स्पीकर के सामने कोई मामला पेंडिंग हो और कोर्ट ने उसमें दखल दिया हो।



#### शिंदे गुटः डिप्टी स्पीकर खुद सवालों में, फैसला कैसे ले सकते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे गुट से सवाल किया कि आप पहले हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। हमारे पास क्यों आ गए? इस पर शिंदे गुट की ओर से एडवोकेट नीरज किशन कौल ने कहा कि हमारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, हमें धमकाया जा रहा है और हमारे अधिकारों का हनन हो रहा है। ऐसे में हम आर्टिकल 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। सबसे जरूरी मुद्दा यह है कि स्पीकर या डिप्टी स्पीकर तब तक कुर्सी पर नहीं बैठ सकते हैं, जब तक उनकी खुद की स्थिति स्पष्ट नहीं है। डिप्टी स्पीकर ने इस मामले में बेवजह की जल्दबाजी दिखाई। स्वाभाविक न्याय के सिद्धांत का पालन नहीं किया गया। जब स्पीकर की पोजिशन पर सवाल उठ रहा हो तो एक नोटिस के तहत उन्हें हटाया जाना तब तक न्यायपूर्ण और सही लगता, जब तक वे स्पीकर के तौर पर अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए बहुमत न साबित कर दें। जब स्पीकर को अपने बहुमत पर भरोसा है तो वे फ्लोर टेस्ट से डर क्यों रहे हैं?

## सांगली सामूहिक आत्महत्या केसः तांत्रिक ने दिया था परिवार के सभी नौ लोगों को जहर

**सांगली।** महाराष्ट्र के सांगली के म्हैसाला में एक ही परिवार के 9 लोगों के कथित सामूहिक आत्महत्या के मामले में एक जबर्दस्त ट्विस्ट आया है। इस मामले में पहले पुलिस ने परिवार को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 25 लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन मामले में नया मोड़ एक तांत्रिक और एक अन्य शख्स की गिरफ्तारी के बाद आया है। दावा किया जा रहा है कि तांत्रिक ने परिवार के सभी लोगों को जहर पिलाया था और मामले को सामूहिक आत्महत्या का रंग दे डाला था। तांत्रिक अब्बास मोहम्मद अली और धीरज चंद्रकांत सुर्वसे की गिरफ्तारी के बाद केस में नए तथ्य आए हैं। इसने जांच की दिशा मोड़ दी है और सामूहिक आत्महत्या से यह हत्याकांड का केस बन गया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि इन दोनों ने ही पूरे परिवार को जहर पिलाकर मारा था और इसे आत्महत्या का रंग दिया था।

## सम्पादकीय

# महंगाई का दंश

**महंगाई** को लेकर लंबे समय से हालात चिंताजनक ही बने हुए हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि अगले छह महीनों में महंगाई दर छह फीसद से ऊपर ही बनी रहेगी। जाहिर है, हाल-फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली। हालांकि चौथी तिमाही में महंगाई दर में कमी आने की उम्मीद है, पर पुख्ता तौर पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी ही होगी। वैसे रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर चेतावनियां पहले भी देता रहा है। इसलिए अब लोग सिर्फ उम्मीदों के सहारे ही हैं। हालत यह हो गई कि मरता क्या न करता! न्यूनतम खर्च के लिए भी लोगों को सौ बार सोचना पड़ रहा है। महंगाई से निपटना सरकार का काम है, जिसमें वह अब तक नाकाम ही रही है। महंगाई के लिए सरकार पहले तो कोरोना महामारी को जिम्मेदार बता कर पल्ला झाड़ती रही और अब वैश्विक कारण गिनाए जा रहे हैं। इससे लगता है कि सरकारें भी यह मान बैठी हैं कि लोग महंगाई की मार में जीने के आदी हो चले हैं, इसलिए चिंता की क्या बात!

इसमें कोई संदेह नहीं कि महामारी की वजह से महंगाई और बेरोजगारी का संकट न सिर्फ बढ़ा है, बल्कि यह गंभीर रूप धारण कर चुका है। यह भी सही है कि ऐसे हालात सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में बने हुए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन हो या अन्य यूरोपीय देश, सब जगह लोग महंगाई से त्रस्त हैं। कमोबेश सभी देशों की अर्थव्यवस्था हिली पड़ी हैं। रोजगार का संकट भी गहराता जा रहा है।

जाहिर है, भारत भी इससे अछूता नहीं रह सकता। आम लोगों के लिए तो महंगाई का मतलब यही है कि रोजमर्रा के जरूरी सामान से लेकर खाने-पीने की चीजें और सब्जियां-फल, दूध, खाद्य तेल, ईंधन आदि के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फिर एक स्थिति ऐसी आ जाती है कि लोग जरूरी चीजों में भी कटौती के लिए मजबूर होने लगते हैं। आज यही हालात बन गए हैं। दो साल के भीतर ज्यादातर चीजों के दाम साठ से अस्सी फीसद बढ़ गए हैं। कंपनियां दाम बढ़ाने के पीछे कच्चे माल से लेकर ईंधन के दाम बढ़ने का तर्क दे रही हैं। उत्पादन लागत बढ़ने से थोक महंगाई भी पिछले सारे रेकार्ड तोड़ चुकी है।

लेकिन महंगाई का असर रोजगार पर भी व्यापक रूप से पड़ता है, जो हम देख ही रहे हैं। महंगाई कारोबारी योजनाओं से लेकर उत्पादन को प्रभावित करती है। ऐसे में उद्योग भी लागत और खर्च घटाने के हरसंभव जतन करते दिखते हैं। कम से कम श्रम बल में काम चलाने की रणनीति रोजगार के अवसरों को प्रभावित करती है। एक मुश्किल यह भी बनी हुई है कि महामारी और इससे उपजे आर्थिक संकट ने लोगों की आय पर भी असर डाला है। नियमित आमद का संकट खड़ा हो गया है। जीवन जीने की लागत जिस तेजी से बढ़ रही है, उसके अनुपात में लोगों की आमदनी घटती जा रही है। इस वजह से लोग महंगाई का मुकाबला कर पाने में अपने को असहाय पा रहे हैं। कहने को रिजर्व बैंक ने महंगाई पर अंकुश के लिए मौद्रिक उपाय किए हैं, सरकार भी राजकोषीय कदम उठाने की बात कर रही है, लेकिन इन सबका असर दिख नहीं रहा। महंगाई से निपटने के लिए लोगों को रोजगार मुहैया करवाने की जरूरत है, ताकि उनके हाथ में पैसा आना शुरू हो। लेकिन इस मोर्चे पर केंद्र और राज्य सरकारें कामयाब होती दिख नहीं रहीं।

# विदेशी व्यापार की चुनौतियां

**पिछले हफ्ते ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत चीन और दक्षिण अफ्रीका) की चौदहवीं शिखर बैठक हो चुकी है। ब्रिक्स देशों के साथ भारत का वैश्विक व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक आबादी में इन देशों की कुल हिस्सेदारी इकतालीस फीसदी है। वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स समूह का योगदान चौबीस फीसद और वैश्विक व्यापार में भागीदारी सोलह फीसद है। ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कोरोना काल के बाद जो सुधार और नवाचार हो रहा है, वह ब्रिक्स देशों के उद्यमियों और कारोबारियों के लिए भारत में निवेश करने का सबसे अच्छा मौका है। कुछ समय पहले अमेरिका के नेतृत्व में भारत सहित तेरह देशों के कारोबारी संगठन हिंद-प्रशांत आर्थिक फोरम (आइपीईएफ) का गठन हुआ। इसी महीने 11 जून को पेरिस में हुई अनौपचारिक बैठक के बाद इसके सदस्य देशों के साथ भारत से निर्यात बढ़ने और विदेश व्यापार को नई गति मिलने की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। वस्तुतः आइपीईएफ पहला बहुपक्षीय करार है, जिसमें भारत शामिल हुआ है। इसमें अमेरिका, भारत, जापान, आस्ट्रेलिया ब्रुनेई, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।**

**भारत** को विदेशी व्यापार के लिए सही, नीतिगत कदम उठाने की जरूरत है, ताकि टिकाऊ विकास के लिए काम हो सके। आर्थिक सुधारों के रास्ते पर बढ़ कर ही इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अब जमाना डिजिटल अर्थव्यवस्था का है। इसलिए इस राह में आने वाली बाधाओं को भी दूर करना होगा। भारत के विदेश व्यापार को लेकर हाल में जो रिपोर्टें आई हैं, उनमें दो बातें रेखांकित होती हैं। पहली यह कि आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी भारत के लिए विदेश व्यापार की स्थितियां अनुकूल हैं। इस समय विकसित, विकासशील और पड़ोसी देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार समझौतों और व्यापार वार्ताओं का नया अध्याय लिखा जा रहा है। दूसरी बात यह कि भारत का विदेश व्यापार बढ़ाने के लिए अब खुली और निर्बाध व्यापार नीति के साथ-साथ जरूरी आयात की नीति पर ध्यान देना होगा। इस फोरम में भारत के शामिल होने के बाद भारत-अमेरिका व्यापार और आर्थिक संबंधों का नया दौर शुरू हुआ है। दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी तेजी से बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि अमेरिका में दो सौ भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं और भारत में दो हजार से ज्यादा अमेरिकी कंपनियां सक्रिय हैं। अब दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी तेजी से बढ़ेगी। पिछले महीने वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में अमेरिका और भारत के बीच 119.42 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ, जो 2020-21 में 80.51 अरब डालर था। भारत से अमेरिका को निर्यात 2021-22 में बढ़ कर 76.11 अरब डालर हो गया, जबकि 2020-21 में यह 51.62 अरब डालर था। वर्ष 2021-22 में अमेरिका से भारत का आयात बढ़ कर 43.31 अरब डालर हो गया, जो पूर्ववर्ती वर्ष में उनतीस अरब डालर था। खास बात यह है कि अमेरिका उन गिने-चुने देशों में है जिनके साथ भारत व्यापार अधिशेष की स्थिति में है और अब अमेरिका चीन को पीछे करते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है।

कोविड-19 और उसके बाद यूक्रेन युद्ध के बाद बने हालात के बीच भारत के सामने बड़ी चुनौती को विदेश व्यापार बढ़ाने की है। पिछले महीने अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के रणनीतिक मंच क्वाड के दूसरे शिखर सम्मेलन में चारों देशों ने जिस समन्वित शक्ति का शंखनाद किया और बुनियादी ढांचे पर पचास अरब डालर से अधिक रकम लगाने का वादा किया, उससे क्वाड भारत के उद्योग-कारोबार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जी-7 और जी-20 देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में काफी इजाफा हुआ है। इस सालयानी 2022 में यूरोपीय देशों के साथ किए गए नए आर्थिक समझौतों से भी भारत का विदेश व्यापार बढ़ेगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत ने बहुत कम समय में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मूर्तरूप दिया है। अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं भी



नए रास्ते खोल रही हैं। इस समय भारत 'पड़ोसी पहले' और 'पूर्व की ओर' नीति के कारगर अमल पर भी तेजी से कामकर रहा है। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने, शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और पनबिजली क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर छह समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए थे। इसी तरह पिछले महीने ही रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका का प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद भारत के साथ तेजी से आर्थिक सहयोग बढ़ाने के संकेत दिए। भारत ने मार्च-अप्रैल 2022 में श्रीलंका को 2.4 अरब डालर की मदद दी ताकि वह दवाओं, डीजल की आपूर्ति और अन्य जरूरी आयात कर सके। इसके अलावा भारत के लिए बिम्सटेक (बे आफबंगाल इनीशिएटिव फार मल्टी सेक्टोरल टेक्नोलाजिकल एंड इकोनामिक कोआपरेशन) देशों के साथ व्यापार की जो नई संभावनाएं दिख रही हैं, वे भी विदेश व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने वाली हैं। बिम्सटेक के सात सदस्य देशों में से पांच दक्षिण एशिया से हैं जिनमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं और दो म्यांमा और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। यह संगठन बंगाल की खाड़ी के आसपास के देशों में चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' पहल के विस्तारवादी प्रभावों से भारत को मुकाबला करने का अवसर भी प्रदान करता है। बिम्सटेक का पांचवां शिखर सम्मेलन इस साल मार्च में श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित हुआ था। इसमें भारत ने बिम्सटेक के सदस्य देशों के बीच परस्पर व्यापार बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते के प्रस्ताव पर आगे बढ़ने पर जोर दिया था। जिस तरह देश के विदेश व्यापार में कृषि और खाद्यान्न कारोबार की अहमियत बढ़ गई है, उसे देखते हुए कृषि निर्यात के अधिक रणनीतिक प्रयासों के साथ कृषि का वैश्विक व्यापार बढ़ाना होगा। देश के विदेश व्यापार में कृषि कारोबार की अहम भूमिका है। देश में खाद्यान्न की प्रचुरता है और गेहूं की भी कोई कमी नहीं है, पड़ोसी, गरीब और अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत गेहूं का निर्यात कर रहा है। वर्ष 2021-22 में भारत से सत्तर लाख टन से अधिक गेहूं के विदेशी सौदों की आपूर्ति की। पिछले वर्ष 2021-22 में भारत से पचास अरब डालर से अधिक मूल्य के कृषि निर्यात किए गए और अब इस वर्ष इनके निर्यात और

## व्यापार समाचार

### मुद्रास्फीति से सभी श्रेणियों की मांग प्रभावित हो सकती है : टाटा कंज्यूमर

नई दिल्ली।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि मौजूदा परिचालन माहौल काफी उतार-चढ़ाव भरा है और मुद्रास्फीति के बने रहने से सभी श्रेणियों में मांग प्रभावित हो सकती है। उन्होंने वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अनिश्चित माहौल में इन ''अल्पकालिक बाधाओं'' का मुकाबला करने के लिए कंपनी मजबूत निष्पादन और दक्षता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगी। चंद्रशेखरन ने कहा, ''भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां, और कच्चे तेल तथा कई अन्य वस्तुओं में तेजी के चलते मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रही है, जो सभी श्रेणियों में मांग को प्रभावित कर सकती है।''






### अनिल अंबानी की बढ़ी टेंशन : रिलायंस कैपिटल को खरीदने की रेस से टाटा और अडानी हुए बाहर, वापस ली बोली

नई दिल्ली।

अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल बिकने का नाम नहीं ले रही है। अब खबर है कि दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही उनकी कंपनी रिलायंस कैपिटल की नीलामी प्रक्रिया से पांच बड़े बोलीदाताओं ने अपनी बोलियों को वापस ले लिया है। इन पांच कंपनियों में अडानी और टाटा ग्रुप भी शामिल हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कर्ज में फंसी रिलायंस कैपिटल की संपत्ति को खरीदने की दौड़ से अडानी और टाटा बाहर समेत पांच प्रमुख बिडर्स बाहर हो गए। बड़े बोलीदाताओं में अब केवल पीरामल इंटरप्राइजेज का नाम ही रह गया है।

**ये कंपनियां हुई बाहर :** सूत्रों के मुताबिक, इस प्रक्रिया से बाहर निकलने के लिए नवीनतम निजी इक्विटी प्रमुख ब्लैकस्टोन,



एचडीएफसी एर्गो, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और टाटा समूह की बीमा कंपनी और अडानी समूह हैं। टाटा संस की सहायक कंपनी टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने पहले आरकैप की सामान्य बीमा यूनिट को खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखाई थी। खबर के मुताबिक, पीरामल एंटरप्राइजेज रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए अभी भी रेस में है और वे फंड के लिए यस बैंक और टोरेंट ग्रुप से बातचीत कर रहा है। इसके अलावा, ज्यूरिख इंश्योरेंस ने आरकैप के सामान्य बीमा क्लस्टर के लिए और चोलामंडलम समूह ने अपने जीवन बीमा क्लस्टर के लिए रुचि दिखाई है।

**बिडर्स के पास थे दो विकल्प :** लेंडर्स द्वारा जारी रिक्वेस्ट फॉर रिजॉल्यूशन प्लान के अनुसार, बिडर्स के पास दो विकल्प होते हैं - या तो कंपनी की संपूर्ण संपत्ति के लिए बोली लगाएं या इसके एक या अधिक क्लस्टर के लिए। बता दें कि रिलायंस की सहायक कंपनियां रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस, रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी, रिलायंस सिक्योरिटीज, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस हैं।

**दो महीने के लिए बढ़ाई गई डेडलाइन :** बता दें कि रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के अधिग्रहण की कवायद को बोलीदाताओं की ओर से मिली ठंडी प्रतिक्रिया को देखते हुए कंपनी के लेनदारों ने समाधान प्रक्रिया की समयसीमा दो महीने के लिए बढ़ाकर दो नवंबर कर दी है।






## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। वाणी पर संयम रखना अति आवश्यक है। मन में नेगेटिव विचार आने से नुकसान हो सकता है। आर्थिक मामलों के लिए दिन मध्यम फलदायी है।

### वृषभ
आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

### मिथुन
आज आपको अपने वाणी और व्यवहार में सावधानी रखने की जरूरत है। आपकी बातचीत से कोई गलतफहमी न हो, उसका ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और विशेषकर आंखों में तकलीफ हो सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा। नौकरी और व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां होंगी। मित्रों, विशेष कर महिला मित्रों से लाभ होगा। दोस्तों के साथ प्रवास तथा पर्यटन पर जा सकते हैं।

### सिंह
जमीन, मकान एवं संपत्ति के सौदे सफल रहेंगे। आर्थिक योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी होंगी। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के विवाह की संभावना है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### कन्या
आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। आज लोगों पर इंप्रेशन जमा पाएंगे। पिता की ओर से लाभ के संकेत है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। गृहस्थजीवन मधुरतापूर्ण रहेगा।

### तुला
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहने वाले परिजनों के समाचार से आनंद होगा।

### वृश्चिक
आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबीयत का ध्यान रखें। ज्योतिष विद्या और धार्मिक काम आपको आकर्षित करेंगे।

### धनु
आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, पर्यटन तथा भोजन आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे।

### मकर
मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी कोई प्रशंसा कर सकता है। आप किसी बात को लेकर सम्मानित महसूस करेंगे। वाहन सुख प्राप्त होगा। प्रियजन से मुलाकात होगी। मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक सुख का पूर्ण आनंद प्राप्त होगा।

### कुंभ
नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

### मीन
जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे। सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के प्रणय के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ डेगाना में कांग्रेस ने निकाला सत्याग्रह मार्च



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना कांग्रेस विधायक विजयपाल मिर्धा के निर्देशन में सोमवार को डेगाना ब्लाक एवं शहर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ सोमवार को सत्याग्रह मार्च निकाला ओर एसडीएम कार्यालय के बाहर बैठकर विरोध में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पालिका के चेयरमेन मदनलाल अटवाल के नेतृत्व में मोदी सरकार के खिलाफ नगरपालिका कार्यालय से होते हुए सदर बाजार, अस्पताल चौराहे से उपखंड कार्यालय तक सत्याग्रह मार्च निकाला ओर शांतीपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अटवाल ने कहा कि केन्द्र की अग्निपथ योजना सेना के सपने संजोये हुए करोड़ों युवाओं की मंशा पर पानी फेर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल बेनीवाल ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध किया बेनीवाल ने कहा कि भारत देश किसान ओर सेना के साहस के लिये जाना जाता है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिटलर शाही शासन से ये ज्ञात होता है कि भाजपा सरकार मोदी के नेतृत्व में ना तो किसानों की बात सुन रही ना ही जवानों की। अगर मोदी सरकार का यही रवेया रहा तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, पालिका उपाध्यक्ष हारुन राशिद, जिला महासचिव प्रकाश कुंकणा, पार्षद रफीक खान, छोटूराम भांम्भू, मन्शीराम खिलेरी, पूनाराम डुडी, इरफान राव, केलाश तिवारी, नेमाराम बिंदा, रियाज भाटी, संजीव सिसोदीया, विनोद सामटीया, मोतीलाल टेलर, सूगन सिंह हाडा, रूहान हैप्पी खान सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता ओर पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक सप्ताह के बाद भी नाबालिग को नही ढूंढ पाई डेगाना पुलिस

## परिजनों ने पुलिस मे कराई थी नामजद रिर्पोट

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना निवासी एक व्यक्ति ने डेगाना पुलिस थाने में उपस्थित होकर अपने घर के पड़ोसी पर ही अपनी नाबालिक पुत्री के अपहरण कर भगा ले जाने का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस द्वारा आज एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी अपहरण कर भगाई नाबालिक लड़की का पता नहीं लगा पाई। नाबालिग पुत्री का सात दिनों के बाद भी पता नहीं लगने से परिवार में मातम है ओर परिजन बार-बार पुलिस थाने जाकर उसकी पुत्री को ढूंढ कर पता लगाने की गुहार कर रहे है। नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को दी रिर्पोट में बताया कि 20 जून को दोपहर में उसकी नाबालिग लड़की बाहर खेल रही थी। जब उसका अपहरण कर लिया। पूछताछ करने पर उसकी पुत्री को पीडवा निवासी एक व्यक्ति के साथ मिलकर उसके पडोस मे ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा बहला फुसला भगा ले जाने का आरोप लगाते हुये नामजद रिर्पोट दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों से आज दिन पूछताछ नहीं करने ओर उसकी पुत्री का पता नही लगाने से नाराजगी प्रकट की।

# प्राण घातक हमले के आरोपी को 20 दिनों के बाद भी गिरफ्तार नही कर सकी पुलिस

## दलित समाज में आक्रोश, थाना घेराव की चेतावनी

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के ग्राम रावलियावास में 8 जून को अपने घर जा रहे एक दलित ग्रामीण पर ट्रैक्टर चढाकर मारने के प्रयास के नामजद आरोपी को डेगाना पुलिस द्वारा घटना के बीस दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे घटना को लेकर डेगाना के दलित समाज में डेगाना पुलिस की कार्यशैली के प्रति रोष व्याप्त हो रहा है। जानकारी के अनुसार रावलियास गांव में 20 दिन पूर्व राह चलते एक दलित बुजुर्ग गिरधारी राम मेघवाल को गांव के ही एक युवक ने ट्रैक्टर ट्रॉली पिछे दौड़ाकर उसे कुचल कर मारने का प्रयास किया, लेकिन पीड़ित व्यक्ति की किसी प्रकार से जान बच गई लेकिन इस दौरान बुजुर्ग को काफी चोटे आई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को अजमेर रेफर किया गया। पुलिस को दी रिर्पोट मे मोतीराम पुत्र गिरधारीराम मेघवाल रावलियास ने बताया है कि गांव का कालूराम उर्फ लक्ष्मणराम पुत्र मूलाराम जाट ने गत 8 जून की रात को उसके पिताजी गिरधारी राम वे मेरी मां को बडे पिताजी के घर छोड़ कर आ रहे थे। उस समय मौके की तलाश में पहले से ही तैयार आम गुवाड़ में कालूराम उर्फ लक्ष्मण राम जाट ने राह चलते पिताजी गिरधारीराम मेघवाल को ट्रैक्टर व ट्रॉली से कुचल दिया तथा आरोपी ने मृत मानकर वहां से भाग गया।

# स्लीपर कोच व टैंकर की हुई भिड़ंत

## हादसे में टैंकर चालक की दर्दनाक मौत, तीन घायल

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** नागौर जिले के नागौर-जोधपुर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर स्थित टांकला सड़क मार्ग पर रविवार देर रात स्लीपर कोच व टैंकर की आमने सामने भिड़त हुई। हादसे में टैंकर के चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में स्लीपर कोच में बैठे चालक सहित तीन जने गंभीर घायल हुए। घायलों को करीब दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, जहां प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खींवसर में दाखिल करवाया गया, जहां डॉक्टर शिव प्रसाद परताणी व डॉक्टर अरुण प्रसाद शर्मा द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बीकानेर हाई सेंटर रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना के बाद हाईवे पर करीब दो किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना अधिकारी अशोक बिसू मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच कर घायलों को बाहर निकालने के लिए जुट गए।

पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दो घंटे के बाद कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। पुलिस ने घायलों को बाहर निकालने के बाद नेशनल हाईवे का रास्ता खुला कर वाहन चालकों को राहत प्रदान करवाई। खींवसर पुलिस थाना क्षेत्र के टांकला तालाब के पास सड़क मार्ग पर रविवार रात डेढ़ बजें हादसा हुआ। हादसे में टैंकर चालक कुशालाराम पुत्र लादूराम जाट निवासी जाटों की ढ़ाणी शेखाला बीकानेर की मौत हुई। वहीं दुर्घटना में घायल रामचंद्र पुत्र सोहन लाल निवासी जागलू बीकानेर,तिलोक पुत्र देवाराम जाति कुमावत निवासी नोखा,गजेन्द्र सिंह बीकानेर

घायल हुए। जिनका प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक टैंकर चालक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव



परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी।

### तीन थाने की पुलिस ने संभाला मोर्चा

टांकला सड़क मार्ग पर सड़क हादसे के बाद 3 किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना मिलने के बाद तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। दुर्घटना में घायल को बाहर निकालने के लिए पुलिस को ग्रामीणों का सहयोग मिला। करीब 2 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर उपचार करवाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर खींवसर, पांचौड़ी, सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

# मोबाइल लौटाकर पुलिस ने दिया ईमानदारी का परिचय

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के पांचौड़ी पुलिस के जवान को मोबाइल मिलने पर ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल महिला तक पहुंचा कर लौटाया है। हेड कांस्टेबल सुखराम ने बताया कि रविवार को बामणियावास चौराहे पर गश्त के दौरान एक मोबाइल मिला। पुलिस के जवानों ने मोबाइल को थाने में लाकर मोबाइल से बात करते हुए महिला को थाने में बुलाकर ईमानदारी का परिचय देकर लौटाया। इस दौरान रामकुमार कांस्टेबल सहित मौजूद रहे।

# मारवाड़ गर्ल्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी का हुआ शुभारम्भ

## मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में नियमित अध्यनरत छात्राओं को मिलेगा हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी का लाभ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के सौजन्य से मारवाड़ गर्ल्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी का विधि विधान के साथ महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां, नंदकिशोर देवना तथा ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी की प्रधानाचार्य प्रतिमा पंवार ने फीता काटकर कर किया। महाविद्यालय में नियमित अध्यनरत उपाधि व शिक्षा संकाय तथा एनसीसी कैडेट्स को उत्तम व सुरक्षित आवासीय वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान ने मारवाड़ गर्ल्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया गया।


गर्ल्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी की अधीक्षक निकिता शर्मा ने बताया कि संस्थान में अध्यनरत छात्राओं को नियमित फिजिकल ट्रेनिंग के साथ अलग-अलग खेलों से सम्बंधित



प्रशिक्षण, महिला शारीरिक शिक्षक के द्वारा दिया जायेगा।

उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़ ने बताया कि छात्राओं की खेल, शिक्षण व सैन्य भर्ती की अभिरुचि को देखते हुए संस्थान छात्राओं को उत्तम प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष बनवारी लाल पचार ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि मारवाड़ गर्ल्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रवेशित छात्राओं को सुरक्षित, स्वस्थ तथा मनोरम वातावरण में मूलभूत महाविद्यालय शिक्षा के साथ खेलों के प्रशिक्षण तथा एनसीसी प्रशिक्षण की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर डॉ. एस.आर. कुमावत, डॉ. जितेंद्र चौबदार, कांता विश्नोई, जगदीश विश्नोई, दानाराम भींचर, छोटूराम, सुरेश कुमार मिश्रा, मोनिका शर्मा, एनसीसी कैडेट्स तथा शंकरलाल आदि उपस्थित रहे।

# कृष्णा महाविद्यालय रताऊ का शुभारंभ समारोह आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** कृष्णा महाविद्यालय रताऊ का शुभारंभ समारोह एवं एलुमिनी मीट कार्यक्रम गुरु राजाराम, कृपाराम के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि लाडनूँ विधायक मुकेश भाकर, लाडनूं उपप्रधान प्रतिनिधि कालू राम गेनाना, लाडनूँ नगरपालिका चेयरमैन रावत खान, शेखावाटी एजुकेशन हब के संस्थापक बी एल रणवां, यातायात कमिशनर नानूराम चोयल, रामाकिशन खिचड़, रामनिवास घोटिया लाडनूं, अन्य सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य व अन्य गणमान्यजनों, आस-पास के गांवों से आए हुए मेहमान एवं पूर्व छात्र-छात्राओं के स्वागत का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया किया गया तथा संस्था के पूर्व छात्र जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में आए लोगों का कृष्णा परिवार ने आभार व्यक्त किया है।

# मेड़तियान सिलावट समाज राजस्थान की बैठक आयोजित

## समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का लिया निर्णय



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय तेली रोड़ गली नम्बर 6 में मेड़तियान सिलावट समाज राजस्थान की बैठक ज्यान मुहम्मद बल्खी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें समाज हित के अनेक निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ज्यान मुहम्मद ने कहा कि वर्तमान समय मे शिक्षा के क्षेत्र में समाज की दशा खराब है इसकी दशा सुधारने के लिए महिलाओं को शिक्षित करना और प्रत्येक गांव गांव घर घर जाकर शिक्षा की अलख जगानी होगी।

मोहम्मद सलीम बल्खी ने समाज के प्रत्येक गांव में प्रति सप्ताह बैठक लेने उनको समय समय पर शिविर लगाकर समाजसेवा से जुड़े कार्यों में आगे आने के लिए जागरूक करने की बात कही। प्रवक्ता नूर मोहम्मद बल्खी ने कहा कि शिक्षा की कमी के चलते जो सामाजिक बुराईयां पनप रही हैं उनको जड़ से मिटाने व एक मुहिम चलाकर युवाओं को जनहित के कार्यों से जोड़ने की बात कही। बैठक में प्रत्येक सप्ताह के रविवार को अलग अलग गांव में चिन्हित स्थानों पर बैठक लेकर समाज के लोगों से मिलने का फैसला हुआ जिसमें आगामी रविवार को मकराना में राज्यस्तरीय बैठक लेने का निर्णय हुआ। इस दौरान अध्यक्ष मुहम्मद ज्यान बल्खी, सचिव गयूर अहमद बल्खी, मोहम्मद सलीम बल्खी, नूर मोहम्मद बल्खी, यासीन भुट्टा, मुहम्मद इसाक, मुहम्मद बिलाल, अब्दुल हमीद, असलम खिलजी, मुहम्मद हुसैन, अब्दुल जब्बार, मुहम्मद मुन्ना, मुहम्मद यूनुस आदि मौजूद रहे।





# ठेकेदार पर मनमर्जी का आरोप, किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## मूंडवा से मेड़ता रोड तक बनने वाली सड़क का मामला

अ. रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा से मेड़ता रोड तक बनने वाली सड़क निर्माण के ठेकेदार पर मनमर्जी का आरोप लगाते हुए किसानों ने सोमवार को मूण्डवा नायब तहसीलदार रामनारायण जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है की मूंडवा से खजवाना तक सड़क निर्माण हो रहा हे जिसमे मिट्टी किसानों के खेतो से ली जा रही हैं किसानों का कहना हे कि जब ठेकेदार को मना किया तो वह जबरदस्ती कर रहा है वह अपने बड़े पावर का डर दिखा रहा है। किसानों का कहना हे कि कई जगह तो सड़क के बिल्कुल किनारों से मिट्टी उठाई जा रही हे सड़क के पास बड़े बड़े गड्ढे बन गए ही कभी भी हादसा हो सकता है। इस दौरान किसान मंछाराम मूण्डेल, बालाराम मूण्डेल, रामप्रसाद चौकीदार, सरवनराम, किस्तुराम, रामकुमार, लुंबाराम, रामसिवर, दुर्गाराम, सत्तूराम, बिजाराम, राधाकृष्ण, रामनिवास,कैलाश, सुरेश, सुखराम, शंपू, मंगलाराम मेघवाल, पप्पूराम मेघवाल, दयालराम चौकीदार मौजूद रहे।



## बेनीवाल सिर्फ भाषण देते है और गुलछर्रे उड़ाते हैं

# तीन साल में नावां विधानसभा में विकास का एक भी काम नहीं किया : महेन्द्र चौधरी

### कुचामनसिटी में 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ कांग्रेस का सत्याग्रह




### पुराने रोडवेज बस स्टैण्ड पर हुई विशाल जनसभा में उमड़ा जनसमूह

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 'देश की मोदी सरकार ने रोंग नम्बर डाइल कर देश के किसान की गर्दन पर हाथ डाला था। कांग्रेस ने उसी वक्त देश के प्रधानमंत्री मोदी को ललकार दिया था। मोदी के हिटलरशाही फैसले के खिलाफ कांग्रेस आन्दोलन छेड़ा और मोदी को तीनों कृषि बिल वापस लेने पड़े। अब मोदी सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर नौजवानों के ऊपर हाथ डाला है। जल्द ही इस फैसले से भी मोदी सरकार को पीछे हटना पड़ेगा' राजस्थान विधानसभा में उपमुख्य सचेतक व नावां-कुचामन विधायक महेन्द्र चौधरी ने सोमवार को कुचामन के पुराने रोडवेज बस स्टैण्ड पर अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस के सत्याग्रह आन्दोलन में उमड़े जनसमूह को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। महेन्द्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी कहता था कि हमारी सरकार बन जाएगी तो 2 करोड़ लोगो नौकरी देंगे। नौकरी देना तो दूर नौकरियां छीन रहे हैं। मोदी जब से प्रधानमंत्री बना है तब से देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। कहां आवश्यकता थी अग्निपथ की ? आरएसएस के लोग सेना में भर्ती करने है। हमारा नौजवान जो तैयारी करके फौज में जाएगा उसमें भी राजनीति शुरू कर दी है भाजपा ने। देश में ज्वाला फूट चुकी है। ये जवान अब वापस पीछे नहीं हटेगा।



#### 200 विधानसभाओं में सर्वाधिक काम नावां विधानसभा में हुआ : महेन्द्र चौधरी

महेन्द्र चौधरी ने आरएलपी सुप्रिमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेनीवाल बार-बार आरोप लगाते है कि कांग्रेस और बीजेपी मिले हुए है। जबकि कि मैं ये कहता हूं कि बेनीवाल व वसुन्धरा मिले हुए है। भाषण देने व गुलछरे उड़ाने से कुछ नहीं होता, जनता हिसाब मांगती है। तीन साल में सांसद का समय हो गया। एक भी सड़क बनाई हो तो बता दो। कुछ नहीं है बताने को। मंजू मेघवाल, रिटा चौधरी, दिव्या मदेरणा के खिलाफ बोलने वाला बेनीवाल महिला विरोधी है। चौधरी ने विकास के मामले में बेनीवाल को ललकारते हुए कहा कि विकास में कोई टक्कर लेना चाहे तो ले ले। 3 साल में महेन्द्र चौधरी ने 200 विधानसभा में सबसे ज्यादा काम करवाया है। उन्होंने कहा कि जब वे 1998 में सबसे पहले कुचामन आये तो यहां उप तहसील थी। आज उन्होंने एसडीएम ऑफिस, एडीएम ऑफिस, एडिशनल एसपी ऑफिस, अतिरिक्त जिला कलक्टर, ब्लॅड बैंक, ट्रोमा सेंटर, आरटीओ, नगर परिषद सभी कुचामन में खोल दिए हैं। महेन्द्र चौधरी ने कहा कि वे सिर्फ विकास की राजनीति करते हैं। आज कुचामन में सिवरेज का काम चल रहा है, फिर शानदार सड़के बन जाएगी। कुचामन से घाटवा, कुचामन से सुरेरा तक सड़के बन रही है।

#### पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी पर किया कटाक्ष

महेन्द्र चौधरी ने नावां से पूर्व विधायक विजयसिंह पर भी प्रहार करते हुए कहा कि विजयसिंह ने पिछले 5 वर्षों में नावां विधानसभा का सत्यानाश कर दिया। विधानसभा में सबसे अधिक सोने का काम किया तो विजयसिंह ने किया। चौधरी ने बेनीवाल पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले हम भी टेस्ट मैच खेलते थे अब ट्वेंटी-ट्वेंटी खेलते हैं। घमंड किसी का नहीं चलता। जनता ने इन्दिरा गांधी व अटल बिहारी वाजपेयी को भी हरा दिया था, आप क्या चीज हो। उन्होंने कहा कि प्रेमराजजी का बांसड़ा, महरो की ढाणी, नावां में, जिलिया, मारोठ, कुकनवाली, घाटवा, मिंडा, खुशिया सभी जगह इंग्लिश स्कूलें खुलवा दी। गांव-गांव में पानी पहुंचे इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। जमकर विकास कार्य हो रहे है। कुछ समाजकंटक चुनाव आने से पहले इस शहर का माहौल खराब करने की कोशिश करेंगे लेकिन उन्हें सख्ती से निपटा जाएगा।

# जायल में 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ कांग्रेस का सत्याग्रह

## विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल के नेतृत्व में अंबेडकर सर्किल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध




रमेश जाजड़ा


**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** अग्निपथ योजना के खिलाफ विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उपखण्ड के अम्बेडकर सर्किल पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सत्याग्रह किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तादाद में सत्याग्रह कर केंद्र की नीतियों का जमकर विरोध किया। विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के सेवा के इच्छुक युवाओं की उम्मीदों को तोड़कर सेना भर्ती में जो अग्निपथ योजना लायी गयी है। यह बिल्कुल गलत है, जिसके परिणाम गम्भीर होंगे। अंबेडकर सर्किल पर किये गए सत्याग्रह में सम्पूर्ण विधानसभा से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। सत्याग्रह में पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़ ने सत्याग्रह को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निपथ केंद्र सरकार की युवाओं के सपनों को तोड़ने वाली योजना है। सेना भर्ती में 4 वर्ष के लिये शामिल होने के लिये रात दिन की मेहनत के बाद देश की सेवा में समर्पित होते है। ऐसे में युवाओं की 4 साल हेतु की गई अग्निपथ भर्ती बेहद खतरनाक होगी इसका प्रत्येक व्यक्ति को विरोध करना चाइये। भर्ती । सत्याग्रह में नगरपालिका चेयरमैन जगदीश कडवासरा ने भी केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साँधा। सत्याग्रह में सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल थालोड ,कांग्रेस नेता महावीर गोदारा ने भी सम्बोधित किया। सत्याग्रह में दुग्सताऊ सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र डिडेल, मुकेश सियाग, मनीराम बिडियासर सोनेली, मूलाराम डूकिया, हनुमान बांगड़ा,जेताराम चोयल, शाबिर खान, सुरेन्द्र सिंह भावला, अनिल पाराशर ,मुकेश दायमा, प्रहलाद बांगड़ा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लाडनू विधायक मुकेश भाकर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया 'सत्याग्रह आंदोलन'




अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनू विधायक मुकेश भाकर के नेतृत्व में सोमवार को पँचायत समिति के सामने सत्याग्रह आंदोलन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना की खुलकर मुखालिफत की गई। इस दौरान विधायक मुकेश भाकर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हिन्दू-मुस्लिम को आपस मे लड़ाने, देश की एकता व अखंडता को खंडित करने की मंशा रखती है, जिसको कांग्रेस कभी पूरा नहीं होने देगी। कार्यक्रम में पूर्व कैप्टन सुरजाराम कसुम्बी ने इस योजना को देश के सैनिकों के साथ छलावा बताया। नगर पालिका अध्यक्ष रावत खान ने अग्निपथ का विरोध करते हुए मोदी सरकार के आमजन का अहित करने वाली योजनाओं के लिए युवाओं को आगे आने की अपील की। मास्टर अब्दुल हमीद मोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पँचायत समिति प्रधान हनुमानराम कासनियां, कालूराम गेनाना, मुकेश खींची, नदीम बल्खी, मुनसफ खान, सलीम खान आदि मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com